संख्या–1490/79–6–2015

प्रेषक,

आशीष कुमार गोयल,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

शिक्षा अनुभाग–6 लखनऊः दिनांकः 02 दिसम्बर, 2015

विषयः–मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत छात्रों को सप्ताह में एक दिन 200 मि0ली0 दूध उपलब्ध कराये जाने एवं वर्तमान मेन्यू में संशोधन किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या:1541/79–6–06–1 (6)/2000 टी0सी0 दिनांक 02 अगस्त, 2006 द्वारा मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत लागू मेन्यू निर्धारित किया गया था। उक्त मेन्यू में समय–समय पर निम्नांकित संशोधन भी किये गये है:–

(1) शासनादेश संख्या–2913/79–6–2007 दिनांक 01 नवम्बर, 2007 के माध्यम से मेन्यू से पूड़ी को हटाया गया जिसके स्थान पर रोटी–सब्जी अथवा दलिया का निर्धारण किया गया।

(2)शासनादेश संख्या–761/79–6–2010 दिनांक 04 जून, 2010 के माध्यम से मेन्यू में विकल्प के रूप में निर्धारित मीठा चावल को हटाया गया।

(3) शासनादेश संख्या–577/79–6–2015 दिनांक 24 जून, 2015 द्वारा बुधवार को कढ़ी चावल अथवा खीर के स्थान पर 200 मि0ली0 दूध (उबला हुआ) एवं कोफ्ता–चावल का मेन्यू निर्धारित किया गया है।

2– इस संबंध में मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत वितरित किये जाने वाले आहार के संबंध में शासन द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति द्वारा निम्नवत संशोधन प्रस्तावित किया गया है :–

दिन	मेन्यू	प्राथमिक स्तर में				उच्च प्राथमिक स्तर में			
		भारत सरकार द्वारा ऊर्जा एवं प्रोटीन के निर्धारित मानक	ऊर्जा	प्रोटीन	दर	भारत सरकार द्वारा ऊर्जा एवं प्रोटीन के निर्धारित मानक	ऊर्जा	प्रोटीन	दर
सोमवार	रोटी–सोयाबीन/दाल की बड़ी युक्त सब्जी	ऊर्जा–450 कि0कैलोरी प्रोटीन–12 ग्राम	468	16.3	3.09	ऊर्जा–700 कि0कैलोरी प्रोटीन–20 ग्राम	702	24.5	4.74
मंगलवार	चावल– दाल	ऊर्जा–450 कि0कैलोरी प्रोटीन–12 ग्राम	467–485	14–16	3.15	ऊर्जा–700 कि0कैलोरी प्रोटीन–20 ग्राम	700.5–727.5	21–24	4.83
बुद्धवार	तहरी एवं दूध (दूध प्रा0वि0 हेतु–150 मि0ली0 व उ0प्रा0वि0 हेतु 200 मि0ली0)	ऊर्जा–450 कि0कैलोरी प्रोटीन–12 ग्राम	599	14.5	6.99	ऊर्जा–700 कि0कैलोरी प्रोटीन–20 ग्राम	868	20.6	9.79
बृहस्पतिवार	रोटी– दाल	ऊर्जा–450 कि0कैलोरी प्रोटीन–12 ग्राम	463–481	14–20	3.15	ऊर्जा–700 कि0कैलोरी प्रोटीन–20 ग्राम	695–722	27–30	4.83
शुक्रवार	तहरी	ऊर्जा–450 कि0कैलोरी प्रोटीन–12 ग्राम	472	12.3	3.09	ऊर्जा–700 कि0कैलोरी प्रोटीन–20 ग्राम	708.3	18.5	4.74
शनिवार	चावल–सोयाबीन युक्त सब्जी	ऊर्जा–450 कि0कैलोरी प्रोटीन–12 ग्राम	472	12.3	3.09	ऊर्जा–700 कि0कैलोरी प्रोटीन–20 ग्राम	708.3	18.5	4.74
साप्ताहिक औसत प्रति छात्र प्रति दिवस					3.76				5.61

3— उपर्युक्त संस्तुतियों को दृष्टिगत रखते हुए मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा परिवर्तन लागत मद में अनुमन्य दर प्राथमिक विद्यालयों हेतु रू0—3.76 एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों हेतु रू0—5.64 से मुख्य आहार के साथ ही दूध वितरण की पूर्ति भी सम्भव हो सकेगी।

अतएव शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त शासनादेश दिनांक 24.06.2015 द्वारा निर्धारित आहार चार्ट (मेन्यू) को उपरोक्तानुसार लागू किये जाने का निर्णय लिया गया है। अतः तदनुसार संशोधित आहार चार्ट (मेन्यू) को जनपद के समस्त प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों में लागू कराया जाना सुनिश्चित करें।

4— उपर्युक्त मेन्यू के अन्तर्गत छात्रों को दूध उपलब्ध कराये जाने हेतु बुद्धवार का दिवस निर्धारित किया गया है किन्तु यदि बुद्धवार को विद्यालय में कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित होता है तो अगले विद्यालय दिवस में छात्रों को दूध दिया जाना होगा। किन्चित जनपदों अथवा विकास खण्डों में दूध की उपलब्धता आवश्यकता के अनुरूप न होने के स्थिति में मिल्क पाउडर से बने दूध के विकल्प को अपवाद स्वरूप उपलब्ध कराये जाने हेतु अपने स्तर से निर्णय लेना सुनिश्चित करेंगे।

5— उक्त के अतिरिक्त संदर्भित शासनादेशों को इस सीमा तक संशोधित मानते हुए विद्यालय में भोजन वितरण/संचालन सुनिश्चित करें। शेष दिशा—निर्देश यथावत प्रभावी रहेंगे।

भवदीय,

(आशीष कुमार गोयल)
सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— निजी सचिव, मा0 मंत्री बेसिक शिक्षा, मा0 मंत्री पंचायती राज, मा0 मंत्री ग्राम्य विकास के संज्ञानार्थ।
2— स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3— प्रमुख सचिव, दुग्ध विकास विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
4— निदेशक, मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन कराने का कष्ट करें।
5— शिक्षा निदेशक (बेसिक), उ0प्र0 लखनऊ।
6— समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) उ0प्र0।
7— समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उ0प्र0।
8— समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
9— गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(आशीष कुमार गोयल)
सचिव।